तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार, 6 जुलाई 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 झूलनातेंदू स्कूल में शिक्षा, संस्कृति और पर्यावरण...

12 दो सूत्रीय मांगो को लेकर 20 दिनों से अंशकालीन...


Shri Gopala Hospital
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### दो शराब कोचिए के कब्जे से जब्त हुई शराब



**कांकेर।** बांदे पुलिस ने 4 जुलाई को दोपहर 2 बजें छापामार कार्यवाई करते हुए आरोपी पीव्ही 85 राधापुर निवासी 50 वर्षीय मनोरंजन हलधर को महुआ शराब के साथ पकड़ा। आरोपी के पास से एक सफेद रंग के प्लास्टिक जरकीन में भरा हुआ महुआ शराब करीबन 4 लीटर मिला, जिसे जप्त कर धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके अलावा दूसरी कार्यवाई में भानुप्रतापपुर पुलिस ने 4 जुलाई को दोपहर 2 बजें आरोपी भानुप्रतापपुर निवासी 42 वर्षीय सियाराम उसेंडी के दुकान के सामने दबिश दिया। तालाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से देशी महुआ शराब और 2 नग डिस्पोजल को जप्त कर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### इलाज के दौरान महिला की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतर्गत पड़गांव निवासी 36 वर्षीय हीराय बाई का इलाज के दौरान 3 जुलाई को शाम 4 बजे मौत हो गई। सुरेश कुमार दुग्गा ने पुलिस को बताया कि 3 जुलाई को मजदुरी करके घर गई तब देखा कि हीराय बाई के मुंह से झाग निकल रहा था। इलाज के लिए सीएचसी दुर्गूकोंदल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवचेना में लिया है।

### बुजुर्ग ने लगाई फांसी कारण अज्ञात

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत कापसी निवासी 70 वर्षीय भावसिंग ने 4 जुलाई को फांसी लगा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। कापसी निवासी 23 वर्षीय कमलेश जैन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। आत्महत्या के कारणो का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवक की हुई मौत जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत बोगर निवासी 40 वर्षीय मनोज कुमार शोरी का अज्ञात कारणो से मौत हो गई। बोगर निवासी 35 वर्षीय मनेसिंग शोरी ने पुलिस को बताया कि 3 जुलाई को शाम साढ़े 5 बजें मृतक का शव खेत की ओर सुकदेव के खेत में मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों 7 को करेंगे धरना प्रदर्शन

**कांकेर।** जिला कांकेर अंतर्गत आश्रम छात्रावासों एवं अन्य संस्था एवं कार्यालयों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को मौखिक दर पूर्ण कालिक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के नियमितिकरण एवं अन्य समस्याओं के संबंध में प्रांतीय आव्हान पर 7 जुलाई को प्रातः 11 बजे से धरना प्रदर्शन कर रैली घड़ी चौक से कलेक्ट्रेट तक निकाल कर कार्यालय घेराव एवं ज्ञापन सौंप कर सहायक आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी से चर्चा किया जाएगा।

उपेक्षा : ऊपर तोनका, नीचे तोनका और चलाचूर बारिश में बन जाते हैं टापू

# पुल न बनना नक्सलियों के लिए सेफजोन सरकार के पास अभी है बनाने का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के अंदरूनी ईलाके जहाँ पर माओवादी दिन व रात में बैठक उसी ईलाके में लेते थे, जहाँ पुलिस और आमाजन की पहुंच नहीं हो पाती थी। नदी का दूसरा छोर उनके लिए सेफ जोन रहता है। पुल न बनना नक्सलियों के लिए सदैव सेफ जोन ही रहा है। सरकार के पास अभी मौका है कि अंदरूनी ईलाको पर पुल व पुलिया बनवा ले, क्योंकि अभी नक्सली पूरी तरह से बैकफुट में है। जिले में आज भी तीन दर्जन से ज्यादा ऐसे गांव है, जो बारिश में टापू में तब्दील हो जाते है।

कांकेर जिला मुख्यालय से 45 किमी दूर अतिसंवेदनशील गाँव बांसकुंड में बहने वाली चिनार नदी में आजादी के 76 साल बाद भी गांव वालों को पुल नसीब नही हो पाया है। बांसकुंड गांव के तीन आश्रित गांव ऊपर तोनका, नीचे तोनका और चलाचूर के 500 ग्रामीण बरसात के 3 महीने जिला मुख्यालय, ब्लाक मुख्यालय, और ग्राम पंचायत से कट जाते है। चिनार नदी में बना एक स्टॉप डेम से ग्रामीण आवागमन करते है। कई ग्रामीणों का ▶▶| शेष पेज 10 पर



**खास बातें**

- आजादी के बाद आज तक नहीं बन पाया पुल, तीन माह तीन गांव बन जाते है टापू
- माओवादी इन गांव के जंगलो में कई बार बैठक करके कर चुके है वारदात



### पार करना पड़ता है स्टांप डेम

ग्रामीणों ने बताया कि नदी उफान पर होने से स्कूल में पढ़ाने बारिश में शिक्षक नहीं आ पाते है। ऊपरतोनका और नीचेतोनका गांव में प्राथमिक पाठ शाला है, लेकिन हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी पढ़ने छात्रों को नदी पार कर बांसकुंड जाना पड़ता है। बच्चे भी पानी कम रहने पर इसी तरह रोज स्टॉप डेम के पिलरो को लांघ कर स्कूल आते है। खाद हो बीज हो या दैनिक उपयोग के राशन के समान ग्रामीण कांधे पर लादकर रोजना इसी तरह 16 पिलरो को लांघ कर पार करते है।

### पुल बनने से नेस्तनाबूद होंगे नक्सली ठिकाने

आजादी के 70 दशक बाद भी पुल नहीं बन पाया है। चिनार नदी पर बना एक स्टॉप डेम ग्रामीणों के आवागमन का माध्यम है, इसे पार करना भी जान जोखिम में डालने से कम नहीं है। इन गाँवो को जोड़ने वाला पुल आज की स्थिति में बहुत ही सरलता से बन सकता है, क्योकि माओवादियों की अभी इस ईलाके में आना जाना न के बराबर हो गया है। सरकार को समय का फायदा उठाते हुए चिनार नदी पर पुल बनाकर लोगों को राहत दे सकते है, साथ ही नक्सलियों के ठिकानों को भी स्थायी रूप से नेस्तनाबूद करने में कामयाबी मिल सकेगी।

### ग्रामीणों ने की पुल बनाने की मांग

पुल पार करने वाले ग्रामीणों से बात करने पर बताया कि पुल बनाने के लिए जब से होश संभाला, तब से ग्राम से लेकर सांसद तक गुहार लगा चुके है, परंतु किसी ने आज तक सुध नहीं लिया। मीडिया में आने के बाद जनप्रतिनिधि और सरकार मामले की गंभीरता को ले लेत है, तो हम और हमारे बच्चों के लिए राहत मिल जाएगी। मीडिया के माध्यम से जिला एवं प्रदेश के सभी जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन से हमारी माँग यही है कि हमारे लिए पुल बना दें, जिससे हमें भी एहसास हो कि हम भी सभी विकास में शामिल हो सके।

## कार का गेट अचानक खोले जाने से बाइक चालक हुआ घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भीरवाही पुल के पास कार चालक के द्वारा अचानक गेट खोल देने से पीछे आ रहे मोटर सायकल चालक दुर्घटना का शिकार हो गया, जिसमें बाईक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल बाईक चालक को प्रारंभ में जिला अस्पताल कांकेर में ईलाज चला, अंत में बेहतर ईलाज के लिए धमतरी में भर्ती कराया गया। ईलाज के उपरांत घटना के एक माह बाद बाईक चालक की शिकायत पर आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँचे 41 वर्षीय डिकेश कुमार जैन पिता स्व. हरीकराम जैन निवासी ढेकुना ने पुलिस को बताया कि मैं 3 जून को अपने निजी काम से अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएल 5063 से कांकेर आया था। कांकेर से वापिस अपने घर ढेकुना जा रहा था कि दोपहर करीबन 4 बजे खपरापारा भीरावाही के पास पहुंचा था कि मेरे सामने सामने जा रही कार क्रमांक सीजी 19 बीके 3685 के चालक द्वारा अपने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए अपने कार का दरवाजा को खोल दिया, जिससे मैं कार के दरवाजा से



- कार चालक पर दर्ज हुआ मामला

टकराकर गिर गया। मोटर सायकल से सड़क पर गिरने से मेरे बायें पैर एवं शरीर में चोंटे आने से मुझे कार चालक के द्वारा मुझे तुरंत कोमलदेव अस्पताल कांकेर में ले जाकर भर्ती कराया गया, जहां मैं अपना प्राथमिक उपचार कराया, उसके बाद बेहतर ईलाज के लिए धमतरी के अस्पतालमें भर्ती होकर ईलाज कराया हूं। मेरा एक माह तक लगभग ईलाज चला और उसके उपरांत 5 जुलाई को शिकायत करने आया हूँ।

कांकेर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी कार सीजी 19 बीके 3685 के चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

## रतेसरा रोड किनारे के 63 केवीए ट्रांसफार्मर डीपी वाहन की ठोकर से क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा थानांतर्गत ग्राम रतेसरा के पास विद्युत ट्रांसफार्मर को वाहन चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ठोकर मार दिया, जिससे विद्युत विभाग को लाखों रूपएं की आर्थिक क्षति हुई है। विभाग के कनिष्ठ अभियंता ने वाहन चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे जयगोपाल कुवंर पिता भुवन लाल कुवंर ने पुलिस को बताया कि कनिष्ठ अभियंता के पद पर चारामा में पदस्थ हूं। रतेसरा में रोड किनारे स्थित 63 केव्हीए ट्रांसफार्मर एवं डीपी को वाहन क्रमांक सीजी 04 बीजे 8612 के चालक बालोद जिला के पोस्ट रजौरी ग्रमा मोखा निवासी 26 वर्षीय रमेश कुमार साहू पिता गंगा राम साहू ने 3 जुलाई को अपने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए दुर्घटना ग्रस्त कर दिया। दुर्घटना के कारण विद्युत लाईन बाधित हो गई है और



- हादसे के चलते बिजली विभाग को हुआ 3.28 लाख का नुकसान

ट्रांसफार्मर एवं पोल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। चालक की लापरवाही के कारण विद्युत वितरण कंपनी को 3 लाख 28 हजार 33 रूपएं की आर्थिक क्षति हुई है। वाहन चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है और उसी से विद्युत वितरण कंपनी को यह नुकसान हुआ है। चालक की लापरवाही के कारण इस क्षेत्र के लोगों को कई घंटे विद्युत बाधित रही और आमजनता परेशान भी हुई। विभाग ने ▶▶| शेष पेज 10 पर

## पुलिस ने दोनों संदिग्धों का किया खुलासा, महिला सीएनएम सदस्य, पुरुष निकला नक्सल सहयोगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना परतापुर क्षेत्र से दो संदिग्ध एक महिला एवं एक पुरूष को पकड़ा था और उनके पास नक्सली सामग्री मिली थी। पूछताछ और पहचान के उपरांत पुलिस ने पकड़ाई महिला 50 हजार की ईनामी सीएनएम सदस्य सुकमी उर्फ लखमी पद्दा पिता पाण्डू एवं नक्सली सहयोगी लखमू पदद्दा स्व. मिलू पद्दा के रूप में पहचान हुई। जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत बस्तर आईजी सुन्दरराज पी., डीआईजी अमित तुकाराम कांबले, डीआईजी बीएसएफ कन्हारगांव सेक्टर विपुल मोहन बाला, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के निर्देशन में नक्सलियों के विरूद्ध लगातार नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है। बीएसएफ 40 वीं वाहिनी, 47 वीं वाहिनी बीएसएफ एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम 3 जुलाई को द्वारा नक्सल गस्त सर्चिंग के दौरान ▶▶| शेष पेज 10 पर






- सुकमी उर्फ लखमी पद्दा सीएनएम सदस्य, जंगल में सर्चिंग के दौरान पकड़ी गई

## बारिश में दम तोड़ रही पीएमजीएसवाय व पीडब्ल्यूडी की सड़कें, गड्ढों में तब्दील हुआ स्टेट हाईवे-25

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

परलकोट ईलाके की पीएमजीएसवाय और लोक निर्माण

- गड्ढों के कारण बढ़ रहे हादसे, रात में दिखते नहीं खतरनाक गड्ढे

विभाग की सड़के पहली बारिश में दम तोड़ते हुए नजर आ रही है। सड़के पर जगह-जगह गड्ढे हो गए है, जिस पर लोगों का चलना दूभर हो गया है। गड्ढो के कारण रात को सदैव हादसे भी होते रहते है।

परलकोट की लाइफ लाइन कही जाने वाली एक मात्र मुख्य सड़क स्टेट हाईवे 25 का बुरा हाल है। स्टेट हाईवें पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है। सड़क के पानी का निकासी सही ढंग से नही होने की



वजह से पूरे बाजार का पानी सड़क के ऊपर जमा हो रहा है, जिससे बड़े बड़े गड्ढे बनते जा रहे है। यह सड़क छत्तीसगढ़ राज्य से महाराष्ट्र राज्य को जोड़ती है और दिनभर यहां लोगों का आना-जाना लगा रहता है। रात के समय गड्ढा दिखाई नहीं देने से लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं। राहगीरों का कहना है कि गड्ढे से कई लोग चोटिल हो रहे हैं, क्योंकि दिन के समय ▶▶| शेष पेज 10 पर

### विभाग नहीं करता कार्रवाई

पीएमजीएसवाय एवं लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारी जाँच के लिए इन ईलाकों पर आते नहीं है, जिससे उनको बनी सड़को की सही स्थिति का ज्ञान नहीं हो पाता है। उच्च अधिकारी निरीक्षण करते, तभी लापरवाह सब इंजीनियरों पर कार्यवाही होती। सब इंजीनियरों को कार्यवाही का डर नहीं होने के कारण ही सड़को की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह उठने लगे है।

कांकेर के मशरूम की मांग रायपुर में ज्यादा, 1500 तक पहुंचे दाम

# देसी मशरूम 800 से 1500 रुपए किलो बिक रहा, राजधानी रायपुर में है डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मानसून सक्रिय होते ही बाजार में मौसमी सब्जियां लोगों को खूब भा रही हैं। खासतौर पर बारिश में मिलने वाला देसी मशरूम इन दिनों शहर के सब्जी बाजारों अधिक खरीदा जा रहा है। कांकेर के जंगलों में मिलने वाले देशी मशरूम की चर्चा कांकेर के अलावा राजधानी रायपुर में ज्यादा होती है। राजधीन के लोग कांकेर से देशी मशरूम को मंगाने के लिए जुगत लगाते रहते है। कोचिया मशरूम की माँग को देखते हुए ग्रामीणों को ठगने से बाज नहीं आ रहे है।

कांकेर के जंगलों से लाए गए मशरूम की मांग में जबरदस्त इजाफा हुआ है। कांकेर में गिल्ली चौक से लेकर बस स्टैंड तक सड़क किनारे सरई बोड़ा, पैरा और खुखड़ी



प्रजातियों के मशरूम पसंद किए जा रहे। लोग भी इसे बड़े चाव से खरीद रहे हैं। फिलहाल इनकी कीमत कांकेर में 800 से 1000 रूपएं है, वहीं रायपुर में इसकी कीमत 1200 से 1500 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है। ग्रामीणों का कहना है कि सावन में बारिश तेज होने के साथ हो मांग भी और बढ़ेगी, जिससे दामों ▶▶| शेष पेज 10 पर

### ऐसे मशरूम से बनाएं दूरी

चिकित्सकों का कहना है कि स्थानीय स्तर पर पाए जाने वाले चटक रंगो जैसे लाल, नीला, पीला, हरा, बैगनी और नारंगी रंग के प्राकृतिक मशरूम का सेवन नहीं करना चाहिए। ऐसे रंग आमतौर पर मशरूम में पाए जाने वाले विषैले एल्केलॉयडस की उपस्थिति का संकेत देते है जो शरीर के लिए हानिकाक हो सकते हैं। चिकित्सकों ने चेतावनी दी कि यदि किसे खुखड़ी से तीखी अमोनिया या सड़ी हुई गंध गंध आ रही हो तो उसे बिल्कुल भी न खाएं, क्योंकि यह जानलेवा साबित हो सकती है। इसी तरह यदि सुखड़ी से चिपचिपा पदार्थ या पानी की बूंदे निकाल रही हो तो भी इसका सेवन भी नहीं करना चाहिए। यदि सुखड़ी के तने या छतरी के पास रिंग्स या छल्ले बने हो तो उसमें एल्केलाँयडस होने की संभावना अधिक होती है। अगर किसी मशरूम की छतरी सपाट या चपटी हो, तो उसका सेवन नहीं करना चाहिएं।

## आमागढ़ के ग्रामीण नेटवर्क नहीं मिलने से हो रहे परेशान कंपनी नहीं दे रही ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

बीएसएनएल की व्यवस्था फेल हो जाने का पूरा लाभी निजी कंपनी के जीओ को मिला और जमकर इस कंपनी के लोग शुरू में दिवाने हो गए, परंतु अब नेटवर्क के लचर व्यवस्था से दुर्गुकोंदल क्षेत्र भर के ग्रामीण परेशान बीएसएनएल के साथ-साथ जिओ नेटवर्क से भी परेशान हो गए है।

आमागढ़ के ग्रामीण डिकेश शर्मा, मनीष नरेटी, विकास विश्वकर्मा, भागवत मांझी, अजय उयके, अमित मेरिया, मदन साहू, सुरज राना ने बताया कि जीओ के नेटवर्क कि रेंज कम होने के कारण मोबाइल द्वारा किसी से बात भी नहीं




- बीएसएनएल के बाद अब जिओ भी फेल

हो पाता है। आमागढ़ से दो किमी की दूरी पर ग्राम हानपत्तरी में जिओ टावर और दो किमी. की दूरी पर ग्राम गुलाल बोड़ी में जिओ के टावर लगा हुआ है फिर भी मोबाइल में नेटवर्क नहीं आता है। इसके चलते मोबाइल का रिचार्ज व्यर्थ हो रहा है। जिओ के नेटवर्क वहां उपलब्ध है, जहां जिओ कंपनी का टावर गड़ा हुआ है और जहां टावर नहीं है, वहां नेटवर्क ही नहीं है। इस डिजिटल के जमाने में कंपनी द्वारा पहले लोगों को रेंज बढ़ाकर बहुत ही अच्छा सेवाएं दिए, अब रेंज कम कर ग्रामीणों को परेशान करने में लगे हैं। ग्रामीणो ने टावर लगाने कि मांग करते हुए ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### कातलबोड़ स्कूल में हुई मानस संगोष्ठी

**कुरूद।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कातलबोड़ के प्रधानपाठक महेंद्र कुमार साहू के 61वें जन्म दिवस पर मानस गोष्ठी का आयोजन शाला प्रांगण में रखा गया। अर्जुनपुरी गोस्वामी अध्यक्ष जिला राज मानस संघ धमतरी, लोकेश्वर सिन्हा अध्यक्ष मानस शक्ति केंद्र खैरा, योगेश्वर साहू सलाहकार राज मानस संघ धमतरी की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत हुई। पाठशाला में मानस गोष्ठी आयोजन की सोच राजमानस संघ के सलाहकार चम्पालाल साहू की थी। इस नवीन पहल से बच्चों में आध्यात्मिक शिक्षा का संचार हुआ। धर्म, संस्कृति की समझ विकसित हुई। मानस पठन-पाठन के प्रति बच्चों में रुचि पैदा हुई।

### जिले का दौड़ पंडरीपानी वनग्राम बनेगा राजस्व गांव

**धमतरी।** धमतरी जिले का गांव दौड़ पंडरीपानी वनग्राम को राजस्व गांव का दर्जा देने की प्रक्रिया लगभग पूर्णता पर है। जिले की नगरी तहसील के ग्राम दौड़ पंडरीपानी को राजस्व ग्राम का दर्जा देने सर्वे का काम पूरा हो गया है। इसके साथ ही इस गांव के राजस्व अभिलेख, नक्शा, खसरा आदि भी तैयार कर लिया गया है। इस गांव के तैयार राजस्व अभिलेखों का प्रारंभिक प्रकाशन कलेक्टर कार्यालय द्वारा किया जा चुका है। सभी अभिलेख संबंधित ग्राम पंचायत में आमजनों-ग्रामवासियों के अवलोकन के लिए कार्यालयीन दिवसों में उपलब्ध है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा इन अभिलेखों से संबंधित आमजनों से दावा आपत्तियां आमंत्रित की जा रही है। हल्का पटवारी द्वारा तैयार किये गये नक्शा शीटों एवं खसरों पर जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित-मौखिक आवेदन कार्यालयीन समय में स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति संबंधित ग्राम पंचायत भवन में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

### डॉक्टर डे पर गुरुदयाल हुए सम्मानित



**कुरूद।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर डा. गुरुदयाल साहू (आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी) शासकीय आयुर्वेद औषधालय बारना का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरपंच दीपक पटेल, सुभाष सोनवानी, डा. खिलेश साहू, तीरथलाल कुर्रे, डोमनलाल साहू, संतोष निषाद एवं शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बारना की प्राचार्य श्रीमती टेमिन साहू, शिक्षकगण श्रीमती, उमा ठाकुर, श्रीमती पूनम हिरानी, अरुणा तिर्की, कांति प्रभा, विनय पटेल, अमित कुमार खरे, रोशन साहू उपस्थित थे।

## फोन पे से 1 लाख 49 हजार 611 रुपए की हुई थी ठगी

# धोखाधड़ी करने वाले दो स्टेट के चार शातिर गिरफ्तार

**आरोपियों से बाइक, स्कूटी व हजारों रूपए नकद बरामद, लोकेशन पता कर आरोपियों तक पहुंची पुलिस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सड़क पर गिरे मोबाईल उठाकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बस्तर पुलिस ने दो स्टेट के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के लोकेशन का पता कर पुलिस ने उनके कब्जे से बाईक, स्कूटी व हजारों रूपए नगद बरामद कर जेल भेजने में कामयाब रही।

ठगी कि रिपोर्ट के बाद एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी आकाश श्रीश्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बस्तर सुरेश कुमार जांगड़े के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। मामले की जानकारी देते हुए एएसपी ने बताया कि मोबाईल उठाकर धोकाधड़ी कर फोन पे के माध्यम से पैसे निकालने के मामले में आरोपियो को बस्तर पुलिस व सायबर सेल टीम ने गिरफ्तार किया है। आरापियों में कोलचुर खासपारा थाना बस्तर निवासी थबीर कुमार उर्फ संजू नाग 25 वर्ष राजेश कश्यप उर्फ कालू 29 वर्ष के अलावा खुटियारीगुड़ा मिरगानपारा थाना कोसागुमड़ा जिला नवरंगपुर ओडिशा निवासी लींगराज मिरगान 19 वर्ष व ललित कुमार मिरगान 19 वर्ष शामिल है। मामले की रिपोर्ट 19 जून 2025 को प्रार्थी कौशल पाण्डे ने दर्ज कराते हुए बताया कि 30 मई को वह अपनी बाईक से जगदलपुर से भानपुरी वापस आ रहा था इसी दौरान ग्राम कविआसना के पास बाईक स्लीप होने से वहीं पर गिर गया तो उसका मोबाईल भी वहीं पर गिर गया था जो नहीं मिलने पर वह वापस घर आ गया था। काफी तलाश के बाद भी मोबाईल नही मिलने पर उसने अपना उसी नम्बर का नया सिम ले लिया था। इस घटना के बाद 4 जून को जब वह अपना सिम चालू किया तो पता लगा कि 1 जून से 3 जून के बीच उसके खाता नम्बर से अज्ञात आरोपी द्वारा 50 हजार व 99 हजार 611 रूपए फोन पे के माध्यम से ट्राजेंक्शन करने का पता लगा। अज्ञात आरोपी द्वारा उसके खाते से कुल 1 लाख 49 हजार 611 रूपए निकाल कर ठगी कर लिया गया था। रिपोर्ट पर बस्तर पुलिस सायबर सेल की मदद से आरोपियों का लोकेशन पता कर पहुंची और उन्हे गिरफ्तार किया गया।



**जेल भेजे गए सभी आरोपी**

आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने उनके कब्जे से बाईक, स्कूटी, चार मोबाईल व 20 हजार रूपए नगद बरामद किया। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार करने में निरीक्षक सुरेश जांगडे के अलावा एसआई प्रमोद सिंह ठाकुर, एएसआई टिगाली राम कश्यप, प्रधान आरक्षक महेन्द्र नेताम, उमेश चन्देल, आरक्षक भूपेन्द्र नेताम, महेन्द्र पटेल, निरंजन वैध, धरमेन्द्र ठाकुर, रवि बघेल, मुकुन्द भण्डारी व गौतम सिन्हा की अहम भूमिका रही।

# ट्रक और बाइक की भिड़ंत में सहायक प्रोग्रामर की दर्दनाक मौत

**NH-30 मस्सुकोकोड़ा के पास हुआ दर्दनाक सड़क हादसा**





हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

नेशनल हाईवे 30 मस्सुकोकोडा के पास शुक्रवार की रात करीब 9 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ट्रक और बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिसके बाद बाइक सहित चालक ट्रक के नीचे फंस गया। ट्रक चालक ने करीब 100 मीटर घसीट कर कुचलते हुए मौके से फरार हो गया। ट्रक के कुचलने से मृतक का शव बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

सूचना पर फरसगांव थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची, मृतक के पास मिले पहचान पत्र से मृतक की पहचान दीपक मरकाम पिता स्व प्रेम सिंग मरकाम उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम माकड़ी दिहारीपारा के रूप में हुई है। जो केशकाल जनपद में सहायक प्रोग्रामरा मनरेगा के पद पर पदस्थ था। वह हर दिन की तरह बाइक क्रमांक सीजी 05 एक्यू 7500 से केशकाल से ड्यूटी कर अपने घर माकड़ी जा रहा था। पुलिस ने मृतक के शव को चिरघर में लाकर रखा गया है। घटना स्थल के कुछ दूर में ढाबा के पास ट्रक चालक ट्रक को खड़ा कर फरार हो गया। फरसगांव पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लेकर थाना में लाकर रखी है। शनिवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर ट्रक क्रमांक आर जे 11 सीजी 7986 के चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 106 (1) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है।

# सरई बोड़ा 600 रुपए किलो में बिका

- जंगल से सरई बोड़ा की आवक शुरू, लोग हाथोंहाथ खरीद रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

बारिश प्रारंभ होते ही जंगल से सरई बोड़ा की आवक शुरू हो गई है। शुक्रवार को मगरलोड बस स्टैड के पास 600 रूपए किलो में बिका। महंगी सब्जियों की बात करें तो सरई बोड़ा का नाम शायद सबसे ऊपर आएगा। साल में महज डेढ़ ही महीने मिलने वाला बोड़ा अब उत्तर सिंगपुर के जंगलों में पैदा होने लगा है। गावों में 300 रुपये तो आसपास के शहरों में करीब 600 रुपये में मिल रहा है।



छत्तीसगढ़ का धमतरी जिला अपने साल के जंगलों के लिए जाना जाता है। अतीत में यहां के जंगल से अंग्रेज साल के स्लीपर की सप्लाई पूरे एशिया में किया करते थे। धमतरी के इन्हीं साल के जंगलो में मिलता है सरई बोड़ा। साल को छत्तीसगढ़ में सरई कहा जाता है जबकि बोड़ा स्थानीय आदिवासियों का दिया हुआ नाम है। यह खोज भी आदिवासियों की ही है। वनोपज पर निर्भरता के कारण वनवासी यहां पैदा होने वाले हर खाद्य पदार्थ के बारे में जानते हैं। बोड़ा भी उन्हीं में से एक है। बोड़ा दरअसल एक फंगस है। वैज्ञानिकों ने इसका बॉटनिकल नाम शोरिया रोबुस्टा रखा है। इसे छत्तीसगढ़ का काला सोना भी कहा जाता है।

# कुरूद पुलिस रोजाना करेगी पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

एसडीओपी रागिनी मिश्रा के मार्गदर्शन में कुरूद नगर में पुलिस ने अपराध रोकने को लेकर और शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने की खातिर थाना प्रभारी राजेश जगत की अगुवाई में कुरूद पुलिस ने पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने पर जोर दिया। उन्होंने शांति व्यवस्था को लेकर प्रशासन का सहयोग करने का भी आह्वान किया।

कुरूद नगर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने की खातिर कुरूद थाना प्रभारी राजेश जगत के नेतृतव में कुरूद पुलिस ने 1 जुलाई से रोजाना नगर में पैदल मार्च शुरु किया है। थाना चौक, पुराना बाजार सरोजिनी चौक, कारगिल चौक, खेल मैदान, छोटा नहर, इंदिरा नगर, कचहरी चौक सहित नगर भर में मार्च पास्ट किया। पैदल मार्च के दौरान टीआई श्री जगत ने व्यापारियों से अपनी सुरक्षा व अपराधों की रोकथाम के लिए प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की। इस अवसर पर एएसआई सुरेश नन्द प्रधान आरक्षक रामसेवक बम्बोड़े, गोपाल चंद्राकर, संतोष साहू, अश्वनी कुमार आदि शामिल रहे।



# महिलाओं को राशन कार्ड का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधायक अजय चंद्राकर के मंशा के अनुरूप खाद्यान्न सुरक्षा योजना के तहत अन्नपूर्णा योजना एवं विभिन्न प्रकार के राशनकार्डधारियों को विशेष राशनकार्ड जारी किया गया है। अंत्योदय राशनकार्ड में हितग्राहियों को 10 किलो चावल निःशुल्क तथा 25 किलो चावल 1 रुपए प्रति किलो की दर से प्रतिमाह प्राप्त करने की पात्रता है। हितग्राहियों चुनेश्वरी यादव चोवाराम, भारती साहू तुलसी राम साहू, यामिनी युवराज साहू, रोशनी साहू दशरू राम साहू, लीला देवी सोनी देवीलाल, उमेश्वरी साहू देवनारायण, रूक्मणि बाई पटेल भागवत, मीनाक्षी साहू धन्वंतरि राम साहू, प्रेमलता ठाकुर केदार सिंह ठाकुर, खिलेश्वरी ध्रुव गुरुचरण ध्रुव, संतोषी साहू दुमेश्वर साहू, मेनका साहू हरीश कुमार साहू, प्रभा मानिकपुरी परमेश्वर दास, सुमित्रा बाई मंगलू, तारा साहू गौरीशंकर, हीराबाई साहू ऋषि कुमार, शालिनी राहुल यादव को राशन कार्ड का वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ज्योति हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षदगण छबिलाल निर्मलकर, हितेंद्र साहू, भूपेश्वरी चंदेल, कर्मचारी चोवा ढीढी सहित हितग्राही महिलाएं उपस्थित थीं।



# विद्यार्थियों को पुस्तकें व गणवेश वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरझुली में संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। नवप्रवेशित बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। बच्चों को पुस्तकें व गणवेश वितरित की गई। बोर्ड कक्षाओं में प्रथम आने वाले बच्चों को प्रतीक चिन्ह व पेन देकर सम्मानित किया गया। संकुल के शिक्षक भोलाराम सिन्हा शा.प्रा. शा. कमारिनमुड़ा, चन्द्रहास सिन्हा प्रधानपाठक शा.प्रा.शा. बोदलबाहरा, लोमस साहू व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरझुली, शिक्षिका दयाबती काशी शा. पूर्व मा. शाला बिरझुली को शाला में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीकाराम कंवर कृषि सभापति जिला पंचायत थे। अध्यक्षता विरेंद्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड ने की। अति विशिष्ट अतिथि अजय ध्रुव वन सभापति जिला पंचायत, खिलेश साहू, कृष्णकुमार ध्रुव, पुष्पलता सिन्हा सरपंच बिरझुली, विशिष्ट अतिथि नरेश सिन्हा, रोहित मोहन साहू, विजय यदु, शत्रुहन साहू, शुभम यदु, रामायण सिन्हा, पेमिन ध्रुव, माखन साहू, विष्णु सिन्हा, लोकनाथ सिन्हा थे। प्राचार्य व्हीके अग्रवाल ने हर वर्ष बोर्ड कक्षाओं में अच्छा परीक्षा परिणाम आने की जानकारी दी। इस अवसर पर संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाएं समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



# प्रधानपाठक को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

**जीजामगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला भाठापारा बेलर के प्रधानपाठक सूरज बैस को शाला परिवार व शाला प्रबंधन एवं विकास समिति व ग्रामवासियों द्वारा सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। सेवानिवृत्त प्रधानपाठक सूरज बैस को स्मृति चिन्ह, शाल, श्रीफल, पेन, डायरी, छाता, शूट व सफर बैग भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती दामिनी चेलक, अशोक ध्रुव, अंजलि नेताम, टम्मन कुर्रे, केके देवांगन शिक्षक, रामगुलाल यादव, भूपेंद्र साहू, मिथिलेश साहू, पवन साहू, मुकेश साहू, रितु भारती, कौशल्या पाल, ललित साहू, गीता साहू, डोमेश्वर साहू, पंच अनसुईया यादव, रुक्मणि पाल व छात्र-छात्राएं सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।



# चांदनी चौक में महिला आरक्षक से बदसलूकी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित चांदनी चौक में ड्यूटी कर रही महिला आरक्षक से बदसलूकी करना युवक को महंगा पड़ गया। पिड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

जानकारी के मुताबिक चांदनी चौक में ड्यूटी कर रही यातायात विभाग की महिला आरक्षक से युवक द्वारा बदसलूकी किया गया। इसकी शिकायत महिला आरक्षक द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई जिसके बाद बदतमीजी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर किया गया। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक शराब के नशे में था जिसका डाक्टरी मुलाहिजा के बाद गिरफ्तार आरोपी भूपेंद्र माली 23 वर्ष निवासी हिकमीपारा के खिलाफ प्रतिबधात्मक धारा में मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। मामले की जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि यातायात विभाग की महिला आरक्षक की चांदनी चौक में ड्यूटी लगाई गई थी। जहां भूपेंद्र माली 23 वर्ष हिकमीपारा ड्यूटी पर तैनात महिला आरक्षक के साथ बदतमीजी करने लगा। जिसके बाद महिला आरक्षक ने इस मामले की जानकारी कोतवाली व यातायात पुलिस के अधिकारियों को दी। महिला आरक्षक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 151 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई।

## जिम्मेदारों की अनदेखी से बढ़ा जनाक्रोश, दिख रहीं सरिया

# गट्टासिल्ली का आमनाला पुल बना दुर्घटना का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

सिहावा-नगरी-बोराई मार्ग पर स्थित गट्टासिल्ली का आमनाला पुल अब जानलेवा होता जा रहा है। पुल की अत्यधिक जर्जर स्थिति, जगह-जगह उखड़ी हुई सतह और गहरे गड्ढों ने राहगीरों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर दिया है। बारिश के दिनों में पानी भरने से गड्ढे नजर नहीं आते और दोपहिया वाहन चालक अक्सर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। अब तक तीन से अधिक गंभीर हादसे इसी पुल पर हो चुके हैं।

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि पुल के निर्माण के दौरान बने जॉइंट अब उखड़ चुके हैं और लोहे की सरिया बाहर आ चुकी है, जिससे वाहन चालकों के लिए यह मार्ग अत्यंत जोखिम भरा हो गया है। बावजूद इसके न तो संबंधित विभाग और न ही जनप्रतिनिधियों ने इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाया है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्रीय विधायक इसी गांव की रहने वाली हैं। इसके बावजूद अब तक कोई कार्य योजना, मरम्मत अथवा वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। इससे लोगों में भारी नाराजगी है। आमनाला पुल पर न तो चेतावनी बोर्ड लगा है और न ही बैरिकेडिंग, न ही कोई वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था। विधायक अंबिका मरकाम ने बताया कि उन्होंने पुल की मरम्मत की मांग को विधानसभा में उठाया है और संबंधित विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है। अधिकारियों का कहना है कि कार्य की स्वीकृति शासन को भेज दी गई है और जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। परंतु यह प्रक्रिया कब पूरी होगी, इसका उत्तर स्पष्ट नहीं है।

ग्रामीणों की मांग है कि शासन-प्रशासन इस गंभीर विषय पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पुल की मरम्मत कार्य को प्राथमिकता में ले, अन्यथा कोई बड़ी दुर्घटना होने पर इसकी जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित जनप्रतिनिधियों की होगी।



## पेज 9 के शेष

### पुल न बनना...

खेती नदी के इस पार-उस पार है। मजबूरन ग्रामीणों को स्टॉप डेम के पिलरो को कूद कर रोजना आना-जाना पड़ता है। तीनों गाँव के ग्रामीण आजादी के बाद से लगातार चिनार नदी पर पुल बनाने की मांग कर रहे हैं। लंबे संघर्ष के बाद हाटकर्रा गांव से ऊपर तोनका 4 किमी सड़क तो बनवा दी गई, लेकिन जिम्मेदार पुल बनाना भूल गए। यही कारण है कि ग्रामीण रोज स्टॉप डेम से आने जाने के लिए मजबूद रहते है और सदैव हादसा होने से डरते रहते है।

### रतेसरा रोड किनारे...

बड़ी समस्या को देखते हुए क्षतिग्रस्त पोल और ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए विभाग के सभी उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया है। विद्युत वितरण कंपनी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक रमेश कुमार साहू के खिलाफ धारा 139 एलसीजी, 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### पुलिस ने दोनों...

थाना परतापुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम मिण्डी के जंगल पहाडी क्षेत्र पहुँचे थे, जहाँ पर सीएनएम सदस्य सुकमी उर्फ लखमी पद्दा पिता पाण्डू पद्दा उम्र 25 वर्ष निवासी रावनदी थाना छोटेबेठिया और नक्सल सहयोगी लखमू पददा स्व. मिलू पद्दा उम्र 45 वर्ष निवासी रावनदी थाना छोटेबेठिया फोर्स को देखकर भागने लगे। फोर्स ने दोना संदिग्धों को दबोचा और उनके द्वारा बताए गए स्थल से 04 भरमार बंदूक के साथ नक्सली सामग्री मिली।

### बारिश में दम...

में तो यह गड्ढा दिखाई दे जाता है, लेकिन रात के समय में इसका पता नहीं चलता और लोग हादसे का शिकार हो जाते हैं। इसके अलावा जिले के अंतिम छोर में देखी जा रही है, जहां पखांजूर के मुख्य मार्ग (अम्बेडकर) चौक से चंदनपुर पीव्ही 72 तक कुल लगभग 16.40 किमी. बनी सड़क तालाब में तब्दील हो गई है। इस सड़क के निर्माण के लिए कुल 842.01 लाख की लागत राशि स्वीकृत हुई थी। सड़को के जल्दी खराब होने का कारण विभाग ही बता सकता है, परंतु आमजन में चर्चा है कि सड़कों की गुणवत्ता को लेकर लापरवाही बरती जा रही है, जिससे यह सड़कें निर्धारित समय के पहले ही जर्जर होते जा रही है।

### देसी मशरूम 800...

में और इजाफा संभव है। ऐसे जंगली मशरूम का स्वाद मटन जैसा माना जाता है और यह सेहत के लिहाज से भी फायदेमंद होता है। जुलाई के मध्य तक बाजार में और भी किस्म के मशरूम आने की संभावना है, जिससे स्वाद के शौकीनों को और विकल्प मिलेंगे।

### आमागढ़ के ग्रामीण...

कहा कि ग्राम आमागढ़ में भी निजी कंपनी या बीएसएनल कंपनी का टावर लगाया जाएं, ताकि उपभोक्ताओ को नेटवर्क सुविधाएं की कोई परेशानी न हो। ग्रामीणों की माँग पूरा नहीं होने पर ग्रामीण कभी भी कंपनी एवं प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन में उतर सकते है।

## खबर संक्षेप

### सरपंच ने 5 मरीजों को पोषण आहार प्रदाय करने लिया संकल्प

दंतेवाड़ा। जिला दंतेवाड़ा कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन में जिले के समस्त ग्राम पंचायत, जनपद एवं जिला पंचायत के जनप्रतिनिधियों को निक्षय मित्र के रूप में नामांकित किया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत ग्राम पंचायत चितालंका से इसका शुभारंभ 3 जुलाई से किया गया। इस मौके पर चितालंका ग्राम पंचायत की महिला सरपंच मुन्नी भास्कर के द्वारा निक्षय मित्र के रूप में नामांकित होकर अपने पंचायत के पांच 5 मरीजों को पोषण आहार प्रदाय करने का संकल्प लेते हुए टीबी के उन सभी उपचाररत मरीजों को पोषण आहार प्रदाय किया गया तथा उन्होंने नियमित रूप से टीबी विरोधी दवा का सेवन करने हेतु कहा। गौरतलब है कि जिला क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम समन्वयक पी रवि कुमार, कार्यक्रम सहायक मेघ प्रकाश शेरपा एवं टीबी मितान रविंद्र कर्मा के द्वारा टीबी मरीज को जिले में और ब्लॉक स्तर पर चिन्हांकित कर संबंधित ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, एवं जिला पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों से संपर्क साध कर उन्हें उपचाररत मरीज से लिंक कराया जा रहा है।

### युक्तिकरण प्रक्रिया से सुरपनगुड़ा को मिला नियमित शिक्षक

सुकमा। सुकमा जिले के कोंटा विकासखण्ड से लगभग 125 किमी दूर सुरपनगुड़ा गांव बसा हुआ है। चारों ओर से घने जंगलों और पहाड़ियों से घिरा यह गांव अपनी अलग पहचान रखता है। यहां के बच्चे भी बाकी बच्चों की तरह हँसते-खेलते हैं, लेकिन उनकी हँसी स्कूल की दहलीज़ पर पहुंचते ही जैसे धीमी पड़ जाती थी। शासकीय प्राथमिक शाला सुरपनगुड़ा में कक्षाएँ तो थीं, पर नियमित शिक्षक की कमी थी। स्कूल में बच्चों के शिक्षा का जिम्मा शिक्षादूत के हाथों में थी। माता-पिता चिंतित थे, वे चाहते थे कि उनके बच्चे पढ़-लिखकर जीवन में आगे बढ़ें लेकिन शिक्षकों की कमी उनके लिए एक अधूरा सपना बन गई थी। शासन के युक्तिकरण प्रक्रिया से उनके सपनों में जान आई। छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा लागू की गई युक्तिकरण योजना का मुख्य उद्देश्य स्कूलों में बच्चों की संख्या के अनुसार शिक्षकों की पदस्थापना करना है।

### उपमुख्यमंत्री शाला प्रवेश उत्सव एवं चरण पादुका वितरण कार्यक्रम में हुए शामिल

# अब वक्त आ गया है शिक्षा और विकास की रोशनी हर गांव तक पहुंचेगी : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने आज जिला मुख्यालय सुकमा में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव और तेंदूपत्ता संग्राहको को चरण पादुका वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने जिले भर से आए स्कूली बच्चों से आत्मीय संवाद किया और शिक्षा की नई शुरूआत के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत

- **शहीदों की इच्छाएं कभी व्यर्थ नहीं जातीं वे समाज के संकल्प में परिवर्तित होती हैं : शर्मा**

बैग, पुस्तक और गणवेश देकर किया। बोर्ड परीक्षा में अव्वल आने वाले परीक्षार्थियों का सम्मान और प्रतिभाशाली छात्रो को प्रमाण पत्र का वितरण किया एवं 10 हितग्राहियों को चरण पादुका का वितरण किया।

उन्होंने कहा कि सुकमा जिले में प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक स्तर तक 1000 से अधिक स्कूल संचालित हो रहे हैं, जो एक सकारात्मक संकेत है। शिक्षा व्यवस्था को बहाल करना, विशेषकर बस्तर जैसे चुनौतीपूर्ण अंचल में किसी आंदोलन से कम नहीं है। बीते वर्षों में कई स्कूलों को नक्सल हिंसा का शिकार होना पड़ा, कुछ स्कूलों को बम से उड़ा दिया गया जो मानवता के विरुद्ध अत्यंत निंदनीय कृत्य हैं।

शासन की मंशा है कि बस्तर के हर गांव तक संविधान की पूर्ण स्थापना हो, ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास और सुरक्षा के अधिकार गांव-गांव में सुदृढ़ हों। उन्होंने ग्रामीण युवाओं और अभिभावकों से आह्वान किया कि वे गांव की उन्नति में सक्रिय भागीदारी निभाएं, क्योंकि असली परिवर्तन स्थानीय नागरिकों की जागरूकता और सहयोग से ही संभव है। उन्होंने कहा कि गांव में यदि शिक्षा है, तो अशिक्षा नहीं होगी। यदि स्वास्थ्य है, तो कुपोषण नहीं रहेगा। यदि भयमुक्त वातावरण है, तो कोई लाल आतंक नहीं रहेगा। यह कार्य बस्तर के लोग स्वयं कर सकते हैं और सरकार उनके साथ खड़ी है। शर्मा ने बच्चों को प्रतीकात्मक रूप से मुकुट पहनाया, प्रोत्साहन राशि और प्रवेश प्रमाण-पत्र वितरित किए और तेंदूपत्ता संगा्रहको को चरण पादुका का वितरण किया। उन्होंने कहा कि ये प्रतीक मात्र नहीं, बल्कि एक नए भविष्य की ओर उनका पहला कदम है।

जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन न सिर्फ प्रेरणादायी है, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा में जोड़ने वाला है। उन्होंने कहा कि हाल ही में एक बड़ी दुर्घटना में शहीद हुए पुलिस अधिकारी के परिवार के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं संवेदनशीलता के साथ खड़े रहे और संपूर्ण सहयोग प्रदान किया। उन्होंने कहा कि शहीदों की इच्छाएं कभी व्यर्थ नहीं जातीं वे समाज के संकल्प में परिवर्तित होती हैं। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, अरुण सिंह भदौरिया, राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी, जिला पंचायत सुकमा अध्यक्ष मंगम्मा सोयम, जिला पंचायत दंतेवाड़ा अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, नगर पालिका परिषद् सुकमा अध्यक्ष हुंगाराम मरकाम, जिला पंचायत सदस्य हुंगाराम मरकाम, जिला पंचायत सदस्य कोरसा सन्नू, कुसुम लता कवासी, रीना पेद्दी, सोयम मुक्का, दिलीप पेद्दी और सचिव पंचायत विभाग भीम सिंग , कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी पी. सुंदरराज, डीआईजी कमलोचन प्रसाद, कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, एसपी किरण गंगाराम चव्हाण, सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन, डीएफओ अक्षय भोसले सहित शिक्षा विभाग वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### उपमुख्यमंत्री ने मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना की...



**जगदलपुर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

# कीचड़ से ग्रामीणों को मिली राहत






हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

खबर का असर

ग्राम माधोता के पटेल पारा मार्ग पर फैले कीचड़ और दुर्गति की समस्या को लेकर हाल ही में एक प्रमुख हरिभूमि समाचार प्रकाशित किया गया था। इस खबर का त्वरित असर देखने को मिला जब ग्राम पंचायत मधोता की सरपंच कलावती नाग ने मामले को गंभीरता से लिया।

उन्होंने स्वयं स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों की परेशानियों को समझते हुए कीचड़युक्त मार्ग पर मुरुम डलवाया, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। लंबे समय से इस मार्ग से गुजरने में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, विशेषकर बरसात के दिनों में।

सरपंच ने इस असुविधा के लिए ग्रामीण जनों से खेद व्यक्त किया और आश्वस्त किया कि भविष्य में ग्राम की मूलभूत समस्याओं पर सजग दृष्टि रखी जाएगी तथा समय रहते समाधान किया जाएगा।

ग्रामीणों ने भी सरपंच के इस त्वरित निर्णय और कार्रवाई की सराहना की और उम्मीद जताई कि पंचायत इसी तरह जनता की जरूरतों पर समय रहते ध्यान देती रहेगी। यह घटना दशार्ती है कि मीडिया की भूमिका और जनहित में उठाए गए मुद्दे जब संवेदनशील नेतृत्व तक पहुँचते हैं, तो बदलाव अवश्य संभव है।

पटेल पारा मार्ग की मरम्मत इस बात का प्रमाण है कि यदि प्रशासन और पंचायतें सजग रहें, तो गांव की समस्याओं का समाधान शीघ्रता से हो सकता है।

# अवैध निर्माण से हो रही जलजमाव की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

### बारिश होते ही स्कूल को करना पड़ता है बंद



प्राथमिक शाला मधोता में बारिश के दिनों में पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। स्कूल परिसर में अत्यधिक जलभराव के कारण हाल ही में छात्रों की छुट्टी करनी पड़ी। यह स्थिति कोई पहली बार नहीं है, बल्कि हर बार बारिश होते ही स्कूल को बंद करना पड़ता है।स्थानीय ग्रामीणों और स्कूल स्टाफ के अनुसार, इस समस्या की मुख्य वजह स्कूल बाउंड्री वॉल से सटी हुई पुलिया पर किया जा रहा अवैध निर्माण है। बताया जा रहा है कि गांव के प्रभावशाली लोगों द्वारा इस पुलिया के ऊपर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिससे पानी की स्वाभाविक निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है। परिणामस्वरूप बारिश का पानी स्कूल परिसर में भर जाता है, जिससे बच्चों के लिए स्कूल आना खतरनाक हो जाता है।

जनपद प्राथमिक शाला मधोता पूरे विकासखंड की सबसे पुरानी शैक्षणिक संस्था है, जिसकी स्थापना 1 मार्च 1949 को हुई थी। इतने पुराने और प्रतिष्ठित विद्यालय की इस प्रकार की उपेक्षा चिंता का विषय है। शिक्षकों का कहना है कि जलभराव के कारण पढ़ाई ठप हो जाती है और लगातार छुट्टियों से छात्रों की पढ़ाई पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस अवैध निर्माण को जल्द से जल्द हटाया जाए और जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाए ताकि स्कूल का संचालन नियमित रूप से हो सके। साथ ही, यह भी मांग की जा रही है कि स्कूल परिसर के लिए एक मजबूत और सुरक्षित ड्रेनेज सिस्टम तैयार किया जाए ताकि भविष्य में बच्चों की पढ़ाई पर कोई असर न पड़े।

एक ओर जहां सरकार शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की बात करती है, वहीं जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आती है। जनपद प्राथमिक शाला मधोता में जलभराव जैसी समस्याएं यह दशार्ती हैं कि बुनियादी ढांचे की अनदेखी किस प्रकार शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित कर रही है। प्रशासन को चाहिए कि वह तत्काल हस्तक्षेप कर इस समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करे।

# उप मुख्यमंत्री ने गारमेंट फैक्ट्री का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



एक दिवसीय बीजापुर प्रवास के दौरान उपमुख्यमंत्री तथा गृह मंत्री छत्तीसगढ़ शासन विजय शर्मा ने मांझीगुड़ा स्थित शासकीय गारमेंट फैक्ट्री का अवलोकन किया। कलेक्टर संबित मिश्रा ने बताया कि नीति आयोग एवं डीएमएफ के सहयोग से स्थापित गारमेंट फैक्ट्री में 200 महिलाएं कार्यरत हैं। जहां महिलाओं को रोजगार मिल रहा है, स्थानीय महिलाएं एवं नक्सल पीड़ति, महिलाएं कार्यरत है।

- **महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर दिया जोर**

वर्तमान में उक्त फैक्ट्री में जैकेट बनाया जा रहा है, जिसे नीकंठ गारमेंट फैक्ट्री के द्वारा निर्यात किया जा रहा है। वर्तमान में साढ़े पांच से साढ़े सात हजार मानदेय दिया जा रहा है। प्रथम तीन माह प्रशिक्षण के दौरान साढ़े पांच हजार एवं प्रशिक्षण उपरांत साढ़े सात हजार मानेदय प्राप्त होता है। महिलाओं को निःशुल्क बस सुविधा भी प्रदाय किया जाता है। जिसमें स्थानीय महिलाओं को रोजगार एवं आजिविकामूलक गतिविधि से जोड़ा गया है।

उप मुख्यमंत्री ने इस दौरान महिलाओं से आवश्यक चर्चा करते हुए उनके अनुभवों को सुना और कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार महिला शसक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं ने गारमेंट फैक्ट्री से मानदेय मिलने के साथ महतारी वंदन योजना से भी प्रतिमाह एक हजार रूपए मिलने की बात कही। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार देने की इस पहल के लिए जिला प्रशासन की सराहना की और अधिक से अधिक महिलाओं को रोजगारमूलक गतिविधियों से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान पंचायत विभाग के सचिव भीम सिंह, बस्तर आईजी पी सुन्दरराज, डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार उपस्थित थे।

# बीमा कंपनी देगी चोरी हुई मोटर साइकिल की बीमा राशि 60 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा गुरुवार को एक प्रकरण में आवेदक को टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड बिलासपुर उपभोक्ता को वाहन चोरी होने पर बीमा राशि 60 हजार रूपए एवं मानसिक क्षतिपूर्ति हेतु 5 हजार रूपए देगा। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने पारित किया। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुकमा निवासी लच्छिंदर मरकाम द्वारा हीरो मोटोकॉर्प मोटर साइकिल का बीमा टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड बिलासपुर के माध्यम से करवाया गया था। आवेदक की उपरोक्त वाहन बीमा अवधि के दौरान चोरी हो गई थी, जिस पर आवेदक द्वारा थाना बोधघाट में सूचना प्रदान कर बीमा कंपनी को वाहन चोरी होने की सूचना प्रदान की गई थी। बीमा कंपनी द्वारा वाहन चोरी होने की पुलिस रिपोर्ट विलंब से दर्ज करवाए जाने और बीमा कंपनी को विलंब से सूचित करने तथा पुलिस प्रकरण का खात्मा नहीं किए जाने के कारण आवेदक का बीमा दावा निरस्त कर दिया गया था। जिससे क्षुब्ध होकर उपभोक्ता द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी।

- **क्षुब्ध उपभोक्ता ने आयोग को थी शिकायत**
- **जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया आदेश**

इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि यदि दावा प्रस्तुत करने में देरी के कारणों को संतोषप्रद तरीके से समझाया गया है तो देरी के संबंध में बीमा कंपनी बीमा दावों को निरस्त करने का अधिकार नहीं रखती हैं। आवेदक द्वारा प्रकरण में पुलिस की खात्मा रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। आवदेक को हुई मानसिक पीड़ा हेतु पृथक से 5 हजार रूपए की क्षतिपूर्ति दिए जाने का आदेश पारित किया गया है।



## खबर संक्षेप



### विधायक ने की प्रेस क्लब को 2 लाख देने की घोषणा

**भानुप्रतापपुर।** ग्रुप ऑफ अभिलाषा द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत विधायक सावित्री मनोज मंडावी का आगमन पत्रकार सदन में हुआ। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रतिनिधि नरोत्तम सिंह चौहान की मांग पर विधायक द्वारा भानुप्रतापपुर प्रेस क्लब में शेड एवं सीढ़ी निर्माण के लिए 2 लाख की धनराशि कि स्वीकृति दिया।

### संवरेगा दलपत सागर, 9 करोड़ 88 लाख स्वीकृत : देव

**जगदलपुर।** बस्तर के ऐतिहासिक धरोहर दलपत सागर को संवारनें और कायाकल्प करने का संकल्प अब शीघ्र साकार रूप पायेगा। सौंदर्यीकरण करने के लिए मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजनांतर्गत शासन से 9 करोड़ 88 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव व वित मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बस्तरवासियों की वर्षों से बहुप्रतिक्षित मांग रही कि दलपत सागर को संवारनें व सुरक्षित करने के लिये योजनाबद्ध रुप से उसका सौंदर्यीकरण होना चाहिए। मुख्यमंत्री के सुशासन में बस्तर का विकास सदैव प्राथमिकता में रहा है।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर विद्यार्थियों को दी विदाई



**गीदम।** एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक में आयोजित कार्यक्रम में इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल ब्रांच के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। उनकी अंतिम परीक्षा के बाद कॉलेज का अंतिम दिन बड़ी खुशी के साथ मनाया गया। उन्हें एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधे वितरित किए गए। यह पर्यावरण के संरक्षण और सुरक्षा के संदेश के साथ उन्हें विदाई देने के लिए संस्थान की एक पहल थी। कुल 30 से अधिक पौधे वितरित किये गये। प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर ने बताया कि संस्थान के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को हाल ही में आयोजित कैंपस भर्ती में दो कंपनियों याजाकी इंडिया और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स में प्लेसमेंट मिला है। छात्र जल्द ही अपनी नौकरी ज्वाइन कर लेंगे। छात्रों से कहा गया कि वे अपने गृह नगर में अपनी मां के नाम पर पौधा लगाएं जिससे जागरूकता फैलाई जा सके। सभी विद्यार्थियों ने अधिकाधिक पेड़ लगाने तथा अपने-अपने मूल स्थानों में भी इस जागरूकता को फैलाने का संकल्प लिया।

### आयोजन : गांव वालों ने बच्चों के स्वागत में उत्सव किया आयोजित, दिया जिम्मेदार समाज का संदेश

# झूलनातेंदू स्कूल में शिक्षा, संस्कृति और पर्यावरण का अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरोना







■ एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत बच्चों को मिला हरियाली और स्नेह का तोहफा

जिले के सरोना तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुम्हानखार के आश्रित ग्राम झूलनातेंदू के प्राथमिक शाला में शिक्षा, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का अद्भुत समागम देखने को मिला। यहां शाला प्रवेश उत्सव को गांववासियों ने न केवल बच्चों के स्वागत का पर्व बनाया, बल्कि उसे सामाजिक सहभागिता और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी से भी जोड़ दिया। एक पेड़ मॉं के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम और बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरण कर वातावरण को भावनात्मक और प्रेरणादायक बना दिया गया।

आयोजित कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए, ग्राम सरपंच सविता मंडावी, उपसरपंच सियाराम पटेल, ग्राम सचिव हीराराम नेताम, वरिष्ठ नागरिक लायरसिंह सोरी, वार्ड पंच विनोद मंडावी, शिक्षक शत्रुघन नेताम, घुराइन सोरी, आशा मंडावी, रामचरण शोरी, प्रधान पाठक भारत सोनवानी, ध्रुव सर, और शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जंतु राम मंडावी की विशेष उपस्थिति में माँ सरस्वती की वंदना, दीप प्रज्वलन और स्वागत गीतों से हुई। शाला परिसर को रंगोली, गुब्बारों और पोस्टरों से सजाया गया था, जो बच्चों के स्वागत के लिए विशेष तैयारी को दर्शा रहा था। प्रधान पाठक भारत सोनवानी ने कहा कि शिक्षा केवल अक्षर ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन निर्माण की नींव है। जब पूरा समाज एक साथ मिलकर एक बच्चे के स्वागत में खड़ा होता है, तब वह बच्चा आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ता है। हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि इन बच्चों को न केवल शिक्षा दें, बल्कि मूल्य और संस्कार भी दें।

कार्यक्रम की खास बात यह रही एक पेड़ माँ के नाम अभियान, जिसके तहत उपस्थित जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, पालकों और बच्चों ने अपनी माता के सम्मान में पौधे लगाए। यह केवल वृक्षारोपण नहीं था, बल्कि मातृत्व के प्रति कृतज्ञता और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता का प्रतीक था। लोगों ने संकल्प लिया कि वे इन पौधों को अपनी माँ की तरह सहेजेंगे और आने वाली पीढ़ियों को हरियाली की सौगात देंगे। विद्यालय में नवप्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर और गुलाल से स्वागत किया गया। इसके बाद उन्हें पुस्तकें, कॉपी, पेन, बैग, और अन्य शैक्षणिक सामग्री भेंट की गई। यह क्षण बेहद भावुक था, जब ग्रामीणजन और शिक्षक बच्चों को देखकर भावविभोर हो उठे और कहा कि यही बच्चे गांव और देश का भविष्य हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पौधों की सुरक्षा और बच्चों की शिक्षा में योगदान देने का सामूहिक संकल्प लिया।

### प्राथमिक शाला कुम्हानखर मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**सरोना।** कुम्हानखर स्थित प्राथमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन में अतिथियों ने विद्यालय में प्रवेश लेने वाले नन्हे विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इसके बाद सभी बच्चों को पुस्तकें, कॉपियां और शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। सरपंच सविता मंडावी ने कहा कि एक शिक्षित बच्चा ही आने वाले कल का सशक्त नागरिक बनता है। गांव की समृद्धि के लिए यह आवश्यक है कि हम अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें और उनका हर स्तर पर मार्गदर्शन करें। सचिव हीराराम नेताम एवं वार्ड पंच विनोद मंडावी ने कहा कि आज की पीढ़ी को शिक्षित करना केवल विद्यालय की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। हम सब मिलकर बच्चों को आगे बढ़ने के हर संभव सहयोग देंगे। प्रधानाध्यापिका बेला दास ने कहा कि शिक्षा बच्चों की सोच, समझ और चरित्र निर्माण की नींव होती है। उन्होंने बताया कि शाला परिवार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत है और पालकों से भी सहयोग की अपेक्षा रखता है। इस अवसर पर शिक्षक शत्रुघ्न नेताम, वरिष्ठ नागरिक तिलक पटेल और बलराम यादव, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कमिला पटेल, प्रधानाध्यापिका बेला दास, शिक्षक भरत सागर एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### स्कूली बच्चों को अध्ययन सामग्री एवं घड़ियां वितरित की गई वितरित




**अंतागढ़।** 28 वीं वाहिनी के द्वारा प्राथमिक शाला कोसरोंडा, प्राथमिक शाला रेखाभाट, उच्च माध्यमिक स्कूल तुमापाल और प्राथमिक शाला सतीघाट में अध्ययनरत बच्चों को बैग, कॉपियां, लेखन सामग्री तथा हाथ घड़ियों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें प्रोत्साहित करना था। कमांडेंट अरूण देवगम ने स्कूली बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा वॉलीबॉल मैच एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें स्थानीय परंपरा और कला की झलक दिखाई दी। इन गतिविधियों ने कार्यक्रम को प्रेरणादायक एवं उत्साहवर्धक बना दिया।

### ग्राम पंचायत और विद्यालय के संयुक्त प्रयास से बच्चों का किया गया स्वागत



**दुधावा।** विकासखंड नरहरपुर क्षेत्र के दुधावा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शाउमावि में 5 जुलाई को शाला प्रवेश उत्सव मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच आकाश नेताम एवं निरंजन गंजीर, लक्ष्मण साहू, कर्ण कुमार साहू, विद्यालय के प्राचार्य गोवर्धन रामटेके के विशेष आतिथ्य में मनाया। विद्यालय में पहुँचने वाले छोटे-छोटे बच्चों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर एवं उपहार भेंट कर उत्सवपूर्वक शाला में प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी हुईं, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि सरपंच ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों से अपील किया कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। प्राचार्य ने सभी आगंतुकों और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना किया। यह आयोजन न केवल शैक्षणिक वातावरण को सशक्त करता है, बल्कि ग्रामीण समुदाय में शिक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ाता है। इस अवसर पर ग्राम के गणमान्य नागरिकों ने भी बच्चों के स्वागत में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत डांगरा हाईस्कूल में हुआ पौधारोपण



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम डांगरा के शासकीय हाईस्कूल में एक पेड़ मां के नाम में डांगरा के इको क्लब के द्वारा एवं हाईस्कूल प्राचार्य राजवती पोटाई की उपस्थिति में शाला प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें पर्यावरण संवर्धन विकास वातावरण पर आधारित एवं पर्यावरण को संतुलन बनाने के लिए फलदार एवं छायादार पेड़ों का रोपण किया गया। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य राजवती पोटाई ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम पर प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा वृक्षारोपण करना चाहिए, जिसे प्रकृति का संतुलन बना रहे और आने वाले भविष्य के लिए पर्यावरण प्रदूषण संवर्धन जल संरक्षण वायु संरक्षण एवं अन्य स्रोत के लिए उपयोगी साबित होगा। पर्यावरण पर पेड़ पौधा का होना अति आवश्यक है, जिसे संतुलन बना रहेगा और जीवन सुखमय होगा। उन्होंने पर्यावरण संवर्धन संरक्षण के संबंध में विस्तार से छात्र छात्राओं को अवगत कराया और आव्हान करते हुए प्रत्येक बच्चे को एक पेड़ अपने मां के नाम लगाने की अपील की। इस अवसर पर स्कूल के समस्त छात्र-छात्राएं, शिक्षक दिग्विजय सलाम, अंजू ध्रुव, ख़ेमेश वरी वर्मा के द्वारा हाईस्कूल डांगरा में पेड़ लगाया गया।

## स्वच्छता अभियान चलाकर किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर



जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर अंतर्गत संबलपुर में स्वच्छता अभियान चलाते हुए तालाब की सफाई की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सुखिया बाई निषाद के मकान परिसर में वाटर हार्वेस्टिंग और वृक्षारोपण किया गया। रोहणी पति भूषण के यहां सोखता गड्ढा बनाया गया और हितग्राहियों को फलदार पौधे वितरीत किया गया। संबलपुर हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में पौधारोपण किया गया। सभी पौधों को सुरक्षित रखने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अभियान में जनपद सदस्य गिरजा साहू, सरपंच अनिता रावटे, सीईओ जीआर चुरेंद्र, कार्यक्रम अधिकारी सुमन कौर, आरएस भास्कर, एसडीओ सावनप्रसाद, टीए बिंदु यादव, सचिव बरनसिंह आंचला, पंचायत सहायक वीरेंद्र पद्दा, कौशल्या टांडिया, पुष्पा पिद्दा, हिरमत गवर्ना, रमेश ठाकुर, देवलाल बारला, दीपक कोठारी, रोजगार सहायिका माहेश्वरी नाग, संतोषी रजक, चांदनी उईके, सागर शर्मा, उदितनारायण गवर्ना, हेमलता वड़ीवा, पारस उसेंडी प्रवीण सिन्हा व वार्ड पंच भी उपस्थित रहे।

## संभाग स्तरीय शतरंज स्पर्धा में शामिल होंगे 334 खिलाड़ी

**जगदलपुर।** जिला शतरंज संघ जगदलपुर के द्वारा शनिवार को प्रेस वार्ता कर रविवार को होने वाले एक दिवसीय संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के विषय में जानकारी दी गई। संघ के अध्यक्ष शशांक शेंडे एवं सचिव हितेश तिवारी ने बताया कि स्पर्धा में जिले के 334 से अधिक खिलाड़ी खेल में अपनी एकाग्रता और धैर्य का परिचय देंगे। इसमें 5 वर्ष से 72 वर्ष की उम्र के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। स्पर्धा के सभी मैच नॉक आउट आधार पर खेले जाएंगे। 6 जून को इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम के चेस जोन में प्रातः 9.30 बजे से पांच वर्गों में स्पर्धा आयोजित की जा रही है। जिसमें अंडर 9,12,15,19 बालक-बालिका व ओपन वर्ग में महिला व पुरुष खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। सभी मैच 30 मिनट के भितर खेले जाने हैं। यह आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में आयोजित किया गया है।

## ओडिशा बार्डर में वाहन का इंतजार कर रहे तस्कर को नगरनार पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



ओडिशा से गांजा लेकर जगदलपुर की ओर आने वाहन का इंतजार कर रहे तस्कर को नगरनार पुलिस ने पकड़कर उसके कब्जे से एक लाख रूपए से अधिक का मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है।

गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के दिशा निर्देश व सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। टीम के आरटीओ नाका के करीब पहुंचने पर सड़क किनारे खड़ा युवक पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसके पास रखे बोरी की तलाशी लेने पर नौ पैकेट गांजा बरामद मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम सुंदर बघेल 63 वर्ष निवासी रेल्वे कालोनी झोपड़ी पारा जगदलपुर का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा 10.570 किलो कीमत 1 लाख रूपए तथा नगद 450 रूपए बरामद किया गया।

## लैंपस धान खरीदी केंद्र में किया गया पौधारोपण



**दुर्गूकोंदल।** आदिम जाति सहकारी समिति दुर्गूकोंदल के अंतर्गत धान खरीदी केंद्र में आदिम जाति सहकारी समिति अध्यक्ष जोहन गवाड़े की उपस्थिति में एक पेड़ मां के नाम पर 5 जुलाई को वृक्षारोपण किया गया। समिति अध्यक्ष ने कहा कि एक पेड़ अपने मां के नाम लगाएं और पर्यावरण को संतुलन बनाए रखें। पेड़ पौधा जीवन के लिए महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे जल स्त्रोत जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण सभी में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इस अवसर पर लेप्स प्रबंधक जितेंद्र साहू, रवि वर्मा, ऑपरेटर जागेश्वर साहू, संजय कावडे एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सरपंच संघ की बैठक में विभिन्न विषय पर की चर्चा



**दुर्गुकोंदल।** ब्लॉक मुख्यालय दुर्गुकोंदल के सामुदायिक भवन में सरपंच संघ का मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ग्रामपंचायत के सरपंच उपस्थित रहे। संघ के अध्यक्ष शकुंतला नरेटी ने कहा दुर्गुकोंदल ब्लाक विकास के नाम से काफी पिछड़ा हुआ है, जबकि यही दुर्गुकोंदल से खनिज सम्पति अरबों खरबों में बिक्री होती है और यहाँ खनिज न्यास निधि का काम नही के बराबर हो रहा है। इसके लिए हम सबको एक झूठ होकर संघर्ष करना पड़ेगा। शिक्षा के क्षेत्र में गाँव के बच्चे 12वीं के बाद उच्च शिक्षा से वंचित रह जातें हैं और आगे की तैयारी नहीं कर पाते ऐसे बच्चों के लिए मावा मोदोल लाइब्रेरी की सुविधा है सभी सरपंच अपने ग्राम में युवाओं को प्रेरित कर मावा मोदोल में पढ़ने के लिए भेजे। मेडिकल कॉलेज दुर्गुकोंदल में खोलने की मांग करेंगे। सरपंच संघ के सदन में लेम्स का संचालन कर रहें हैं, जिसको खाली करने प्रबंधक को बोला गया। इस अवसर पर मुकेश कुमार गावड़े, प्रेम पुडो, राम गावड़े, बसंती भालेश्वर, रामशिला कोमरे, तुलसी मतलामी, मुकेश नरेटी, बलराम टेपरिया एवं अन्य सरपंच उपस्थित रहे।

### अभियान के सदस्यों ने माना प्रदेशाध्यक्ष का आभार

**जगदलपुर।** शहर के धरमपुरा में बन रहे आधुनिक ऑडिटोरियम के लिए प्रदेशाध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव के प्रयास से सुशासन सरकार से 9 करोड़ रूपए की अतिरिक्त स्वीकृति मिली है। बस्तर के रंगकर्मियों एवं कलाकारों के लिए ये हर्ष की बात है कि इससे अब जल्द ही ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य पूरा होगा और इसका लाभ सभी को मिलेगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### सरकार पर आंदोलनकारियों ने लगाया उपेक्षा का आरोप

# दो सूत्रीय मांगों को लेकर 20 दिनों से अंशकालीन सफाई कर्मचारी हड़ताल पर, व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंतागढ़



छत्तीसगढ़ प्रदेश अंशकालीन सफाई कर्मचारी के आव्हान पर अंतागढ़ एवं कोयलीबेडा ब्लॉक के करीब 450 अंशकालीन सफाई कर्मचारी संघ पिछले 20 दिनों से अंतागढ़ के बाजार स्थल पर हड़ताल पर है। हड़ताल पर जाने से पूरी व्यवस्था चरमरा गई है, परंतु सरकार को इससे किसी भी तरह की कोई चिंता नहीं है। अंतागढ़ के बाजार स्थल पर 20 दिनों से हड़ताल पर बैठे अंशकालीन सफाई कर्मचारियों के पदाधिकारी का कहना है कि कई बार ज्ञापन दिया गया, परंतु कोई सुनवाई नहीं होने पर हम लोग विगत 20 दिनों से हड़ताल पर है। सरकार ने किसी भी प्रकार की कोई पहल नहीं किया गया है। हड़ताल पर बैठे पदाधिकारियों ने बताया कि उन्हें अंशकालीन के नाम पर मात्र तीन हजार मासिक पेमेंट दिया जा रहा ,है जो बहुत ही कम है जबकि शासन भले अंश कालीन का दर्जा दिया है, परंतु दो घंटे काम के बाद किसी अन्य जगह काम नही कर पा रहे है ऐसे में मात्र तीन हजार में ही पूरे महीने का गुजारा चलाना पड़ रहा है। एसे में परिवार चलाने काफी दिक्कतों का सामान करना पड़ता है। हम लोग कई सालो अपनी मांग शासन से करते आ रहे है, परंतु अब तक पूर्ण नही पाया है। हमारी माँग है कि अंशकालीन के जगह पूर्ण कालीन कर कलेक्टर दर की राशि दिया जाए, ताकि हमें भी जीवन चलाने में आसानी हो सके। इस अवसर पर विकासखंड स्तर के समस्त पदाधिकारी, सदस्य उपस्थित रहे।

